# राहत के साथ आफत बनी बारिश

**शाजापुर।** लंबे समय से जिले में छाए बादलों ने तीन दिनों तक राहत की बारिश की। इस बारिश से लोगों के चेहरे तो खिले, लेकिन अब किसानों के खिले चेहरे मुरझाने लगे हैं। क्योंकि कई खेतों में जमा पानी फसलों को गला रहा है। जिससे फसलें खराब होने की स्थिति में पहुंच गई है। यदि जल्द ही पानी निकासी नहीं की गई तो पौधे मरणासन्न स्थिति में पहुंच जाएंगे।

दरअसल इस वर्ष भी मानसून ने जिले में देरी से दस्तक दी और अब तक जिले में पर्याप्त वर्षा का अभाव है। जिले की औसत वर्षा 39 इंच है, लेकिन अब तक 28 से 29 इंच वर्षा ही दर्ज हुई है। यही नहीं तीन माह से जारी मानसून के दौरान एक भी बार लगातार झमाझम या तेज वर्षा नहीं हुई है। अब तक जिले भर में केवल रिमझीम वर्षा ही हुई है। जिससे मौसम में ठंडक तो घुली लेकिन जलस्त्रोत और जलाशयों में भी पर्याप्त पानी का अभाव है। ऐसे में फसलों के लिए ऐसी बारिश पहले ही संकट बनी हुई थी। वहीं तीन दिन से जिले भर में रूक-रूककर हो रही रिमझीम वर्षा भी मुसीबत बनती जा रही है। क्योंकि कई खेत ऐसे हैं जहां पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है ऐसे खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसलें गलने लगी है और यह पानी अब फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. मुकेश सिंह ने भी किसानों को सलाह दी है कि जिन किसानों के खेतों में पानी भरा हुआ है वे उसकी निकासी की व्यवस्था कर दें नहीं तो उन्हें फायदे के बजाए नुकसान उठाना पड़ सकता है।



### जलाशय बने खेत, पीला मोजेक का बढ़ा खतरा

तीन दिन से अधिक समय से हो रही लगातार बारिश का असर खेतों में खड़ी सोयाबीन फसल पर भी दिखाई देने लगा है। किसानों के अनुसार कई खेतों में पानी भर गया है। लगातार पानी जमा रहने से सोयाबीन के पौधों की जड़ों पर असर पड़ने की आशंका है। किसानों को फसल में पीला मोजेक बीमारी फैलने की भी चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का दौर इसी तरह जारी रहा और खेतों से पानी की निकासी नहीं हुई तो फसल को नुकसान बढ़ सकता है। किसान दिनेश तिवारी, भेरू लाल मेवाड़ा ने बताया कि इस समय सोयाबीन की फसल खेतों में अच्छी स्थिति में है, लेकिन लगातार बारिश और जलभराव फसल के लिए चिंता का कारण बन रहा है। किसानों की नजर अब मौसम खुलने और खेतों से पानी की निकासी पर टिकी है।

### न के बराबर बारिश की संभावना

मौसम विभाग की माने तो अब बारिश की संभावना काफी कम है और आज से मौसम खुलने की भी संभावना है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि 24 घंटे में 18 एमएम वर्षा दर्ज की गई है और अब तक 744 एमएम वर्षा दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अब मौसम खुला रहेगा और शाम-शाम को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। इससे ज्यादा संभावना अब नजर नहीं आ रही।

# समरसता संकल्प यात्रा का स्वागत

**बैतूल।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा 6 सितंबर को चोपना से निकली। इस दौरान गाजे- बाजे के साथ यात्रा ने स्थानीय मंदिरों का भ्रमण किया। यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। यात्रा प्रमुख ग्रामों का भ्रमण करते हुए बडोरा बैतूल पहुंची तथा तत्पश्चात यात्रा का रात्रि विश्राम किया गया। यात्रा में जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य श्री सुधाकर पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि सामाजिक बंधु, बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान संत रविदास जी के विचारों और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की समरसता पावन कलश एवं कलश रथ जिला मुख्यालय से स्थानीय रविदास मंदिरों तथा ग्राम स्तर तक पहुंचाए जाएंगे। कलश रथ 20 अगस्त से 10 सितंबर तक जिले में निर्धारित मार्ग के अनुसार भ्रमण करेगा।

## सच संक्षेप

### डॉ. पवन सेंगर सम्मानित




**भोपाल/मंडीदीप।** सिविल अस्पताल मंडीदीप में पदस्थ एमडी मेडिसिन डॉ. पवन सेंगर को डायबिटीज प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य के लिए प्रतिष्ठित एडवांस्ड सर्टिफिकेट कोर्स इन डायबिटीज मैनेजमेंट ( सम्मान से नवाजा गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर एम्स भोपाल के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. नरेंद्र कोटवाल ने डॉ. सेंगर को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन मधुमेह संवाद फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर हर हेल्थ हॉस्पिटल, भोपाल के प्रसिद्ध डीएम एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. सचिन चित्तवार सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

### मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण

**शिवपुरी।** समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद द्वारा आयोजित संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत चतुर्थ दिवस पर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लक्ष्मी निवास के पास स्थित हरिओम मोबाइल पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ मोबाइल व्यवसाय एवं दुकानदारी के आवश्यक गुण भी सिखाए गए। लगभग दो माह से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों ने मोबाइल रिपेयरिंग की बारीकियां सीखीं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात सभी बच्चे अब अपनी-अपनी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान शुरू करने के लिए तैयार हैं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को हुनर प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संस्कृति सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर किया गया। संयोग से आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व भी है। परिषद के सदस्यों का मानना है कि बच्चों को हुनर देकर उनके जीवन में आत्मनिर्भरता का मार्ग खोलने से बेहतर इस शुभ कार्य के लिए कोई दिन नहीं हो सकता।

### प्राचार्य का सम्मान

**शिवपुरी।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और सराहनीय योगदान के लिए इनर व्हील क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के पांच उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस गौरवमयी सूची में दून जूनियर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सीमा अरोड़ा का नाम भी शामिल है, जिन्हें बेस्ट एजुकेटर के सम्मान से नवाजा गया है। इसी वर्ष शुरू हुए दून जूनियर स्कूल ने अपने प्रथम वर्ष में ही बेहतरीन संचालन, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशिष्ट गतिविधियों के बल पर शिवपुरी शहर में एक अलग और विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अल्प समय में मिली बड़ी उपलब्धि का श्रेय प्राचार्या सीमा अरोड़ा के कुशल नेतृत्व को जाता है। अपनी इस उपलब्धि पर श्रीमती सीमा अरोड़ा ने कहा, यह सम्मान मेरे अकेले का नहीं, बल्कि दून स्कूल के संचालक मंडल और मेरे समस्त समर्पित स्टाफ के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

### जागरूकता रैली

**बैतूल।** सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ जागरूकता की मुहिम को बैतूल में नई ताकत मिली। मां शारदा सहायता समिति, आशा कल्प फाउंडेशन भोपाल और ताप्ती आनंद क्लब के संयुक्त आयोजन में कस्तूरी बाग में राज्यस्तरीय सिकल सेल जांच एवं परामर्श शिविर और रक्त क्रांति जागरूकता रैली हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रक्त क्रांति की मशाल थामकर रैली की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि शारदा समिति के सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजन अनूठे और प्रेरणादायी हैं। एम्स के डॉ. गौरव ढिंगरा और डॉ. संदेश दुबे समेत 16 डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों लोगों की सिकल सेल जांच कर परामर्श दिया। कार्यशाला में करीब 700 लोगों को सिकल सेल बीमारी, बचाव और जागरूकता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सिकल सेल से पीड़ित मासूमों ने अपनी आपबीती सुनाई तो माहौल भावुक हो गया। इस दौरान 70 से अधिक संस्थाओं को रक्त क्रांति सम्मान-2026 और 60 से अधिक व्यक्तिगत रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। जेएच कॉलेज में पीएससी की निःशुल्क शिक्षा देने वाले प्रोफेसर सातनकर, गणेश मालवीय, प्रीतम सिंह मरकाम, पंजाबराव गायकवाड़ और सुनील पंडाग्रे सहित 30 शिक्षकों को शिक्षक गौरव सम्मान दिया गया।

### अवैध शराब जब्त



**शिवपुरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले भर में अवैध मदिरा के निर्माण, भण्डारण एवं विक्रय के विरुद्ध एक विशेष सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग के समस्त कार्यपालिक बल द्वारा करैरा अंतर्गत बायपास रोड के पास स्थित कंजर बस्ती डेरा क्षेत्र में सघन गश्त कर प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान आबकारी बल ने तत्परता दिखाते हुए अवैध एवं कच्ची मदिरा के निर्माण तथा भण्डारण के ठिकानों को मौके पर ही पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। स्थल पर की गई व्यापक छानबीन में शराब बनाने के उद्देश्य से जमा कर रखा गया लगभग 8,000 किलोग्राम लहान जब्त कर नष्ट किया गया। इसके साथ ही मौके से लगभग 70 लीटर तैयार कच्ची हाथ भट्ठी मदिरा बरामद कर जब्त की गई। अवैध शराब के निर्माण और संग्रहण के इस कृत्य पर सख्त कदम उठाते हुए, आबकारी विभाग द्वारा आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। जिला प्रशासन और आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से, अवैध मदिरा के विरुद्ध यह विशेष अभियान जिले में आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# एक माह में संग्रहित हुआ 1,235 यूनिट रक्त

**बैतूल।** जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन और ब्लड बैंक की योजनाबद्ध पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अगस्त 2026 में जिले में कुल 1,235 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

इसमें विभिन्न स्थानों पर आयोजित 13 रक्तदान शिविरों से 942 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान की इस व्यवस्था को मजबूत बनाने में कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की पहल और बल्ड बैंक ऑफिसर डॉ अंकिता सीते की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण रही है। रक्तदान शिविरों की कार्ययोजना कलेक्टर के समक्ष रखे जाने के बाद उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए गतिविधियों को योजनाबद्ध और निरंतर रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिले में शिविरों का क्रम बढ़ा और स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर लोगों को जागरूक करने के प्रयास भी तेज हुए।

### शिविरों से 942 यूनिट, कुल संग्रह 1,235 यूनिट

अगस्त में आयोजित रक्तांजलि सहित 13 रक्तदान शिविरों से जहां 942 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ, वहीं ब्लड बैंक सहित अन्य माध्यमों से हुए रक्तदान को मिलाकर महीने का कुल संग्रह 1,235 यूनिट तक पहुंच गया। खास बात यह है कि अब लोग केवल शिविर या आपातकालीन अपील का इंतजार नहीं कर रहे हैं, बल्कि स्वयं ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर रहे हैं। जन्मदिन और अन्य विशेष अवसरों पर रक्तदान करने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है।

रक्त संग्रह बढ़ने का सीधा लाभ जरूरतमंद मरीजों को मिला। अगस्त माह में ब्लड बैंक द्वारा 80 सिकल सेल मरीजों और 43 थैलेसीमिया मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही 102 एएनसी यानी गर्भवती महिलाओं को बिना एक्सचेंज और निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया।

# अनियंत्रित होकर पुलिया में घुसी स्लीपर बस

**शाजापुर।** गुना से इंदौर जा रही स्लीपर बस तेज रफ्तार के कारण मझानिया जोड़ के पास स्थित पुलिया में जा घुसी। जिससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें चालक व क्लीनर बुरी तरह फंस गए। वहीं बस में सवार 32 यात्री भी घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पाटीदार ट्रैवल्स की स्लीपर बस गुना से इंदौर की ओर जा रही थी। शाजापुर बायपास पर टुकराना जोड़ के पास अचानक बस अनियंत्रित हो गई और रोड पर बनी पुलिया से टकरा गई।

# टीईटी की अनिवार्यता खत्म की जाए

**बैतूल।** मध्यप्रदेश में लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग जोर पकड़ रही है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बैतूल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर प्रदेश के सेवारत शिक्षकों को टीईटी से स्थायी राहत देने की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था से वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सामने नौकरी, पदोन्नति और अन्य सेवा लाभों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मोर्चा ने ज्ञापन में कहा कि कई शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू नियमों और निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर हुई थी।

ऐसे में वर्षों की सेवा के बाद टीईटी की अनिवार्यता लागू होने से शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है। शिक्षकों ने मांग की है कि राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जाए और केंद्र सरकार को आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 23 में आवश्यक संशोधन के लिए प्रस्ताव भेजा जाए।

ज्ञापन में तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए कहा गया कि वहां 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से राहत देने के लिए विधानसभा ने केंद्र से आरटीई अधिनियम में संशोधन का आग्रह किया था। इसी आधार पर मध्यप्रदेश में भी सेवारत शिक्षकों के हित में पहल करने की मांग की गई है। इधर, स्थानीय विधायक ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से फोन पर इस मुद्दे पर चर्चा की।

# सुगम संगीत प्रतियोगिता 10 को

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी की ओर से महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता (संभाग स्तरीय) का आयोजन 10 सितंबर 2026 को शहडोल में किया जाएगा। प्रतियोगिता में शहडोल संभाग के गीत एवं संगीत के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिभागी निर्धारित आयु एवं नियमों के अनुसार भाग ले सकेंगे।

प्रतियोगिता का आयोजन महिला मंडल सभागार, शहडोल में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता दो वर्गों कनिष्ठ एवं वरिष्ठ में आयोजित होगी। आयु निर्धारण की तिथि 1 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। कनिष्ठ वर्ग में 8 से 15 वर्ष तथा वरिष्ठ वर्ग में 16 से 25 वर्ष आयु के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 10 हजार, 5 हजार एवं 3 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तिथि की जानकारी चयनित प्रतिभागियों को समय रहते दी जाएगी। राज्य स्तर पर वरिष्ठ वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 25 हजार, 20 हजार एवं 15 हजार रुपये, जबकि कनिष्ठ वर्ग में 21 हजार, 15 हजार एवं 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

# नगर परिषद ने किया शिक्षकों का सम्मान

**सिलवानी।** शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करने वाले सच्चे मार्गदर्शक हैं। उनके त्याग, समर्पण और संस्कारों का समाज सदैव ऋणी रहेगा। शिक्षक विद्यार्थियों को परिवार के सदस्य की तरह समझकर आत्मीयता से व्यवहार करते हैं।

विद्यार्थियों को यह महसूस नहीं होने देते कि शिक्षक उनकी समस्याओं को नहीं समझते हैं और उनके भविष्य को लेकर चिंतित हैं। यह उद्गार पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। वह नगर के कम्यूनिटी हॉल में शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रारंभ में मुख्य अतिथि का नप सीएमओ राकेश मिश्रा आदि ने फूल माला से स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक समाज में व्यापक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। एक शिक्षक के माध्यम से कई पीढ़ियों का भविष्य प्रभावित होता है, इसलिए शिक्षक अपने दायित्व को केवल नौकरी के रूप में न देखें, बल्कि इसे समाज निर्माण का अवसर मानें।




कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मातांबर, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, बाबू ठाकुर, लखन मेहरा, गुड्डू भाई, संजू बनारसी, एल्डरमेन ओंकार शर्मा, तुलसी यादव,किशोर शेखावत, धर्मदास चढ़ार, राजेंद्र सोनी, रघुवीर साहू, सलीम काजी, पप्पू नेमा आदि उपस्थित रहे।

# फरार आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की क्षेत्रीय इकाई जबलपुर ने बाघ के शिकार एवं वन्यजीव अंगों की तस्करी से जुड़े प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी शेरू पारधी को शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न राज्यों में वन्यजीव अपराध से संबंधित प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

बालाघाट में बाघ के शिकार एवं उसके अंगों की तस्करी से जुड़े प्रकरण की विवेचना की जा रही है। विवेचना के दौरान एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी सामने आई, जिसके तार देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है। प्रकरण में अब तक मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों से आठ आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। फरार आरोपी शेरू पारधी की तलाश के लिए स्ञ्सस्न द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था।

# गोगा नवमी पर निकला चल समारोह

**आष्टा।** जाहरवीर गोगा जी महाराज के जन्मोत्सव के पावन पर्व गोगा नवमी पर शनिवार को वाल्मीकि समाज द्वारा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य छड़ी-निशान चल समारोह निकाला गया। बैंड-बाजों, ढोल की थाप और धार्मिक जयघोष के बीच निकला चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।जगह-जगह श्रद्धालुओं ने छड़ी-निशान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पूरे नगर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

चल समारोह कम्युनिटी हॉल से प्रारंभ होकर अस्पताल चौराहा, परदेशीपुरा, बुधवारा होते हुए पुराने सिद्धार्थ हॉस्पिटल चौराहे पहुंचा। यहां सकल हिंदू समाज द्वारा छड़ी-निशान का विधिवत पूजन कर स्वागत किया गया। सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गोगा जी महाराज की छड़ी-निशान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

गल चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में चारों छड़ी निशान के भगत विशाल कलोसिया, अनिल सांगते, सतीश सांगते एवं आशीष भगत का स्वागत किया गया। इस दौरान प्रत्येक को 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के वरिष्ठजनों राहुल वाल्मीकि, बनवारीलाल पंवार, प्रकाश कलोसिया, अमित सांगते, जितेंद्र सिंगन, दीपक नरवले एवं जीवन कलोसिया का साफा बांधकर तथा पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया।

गोगा नवमी के अवसर पर वाल्मीकि समाज की विशेष धार्मिक परंपरा भी देखने को मिली। समाज के श्रद्धालु सवा महीने तक नंगे पैर रहकर कठिन नियमों का पालन करते हुए गुरू गोगादेव जी की सेवा-भक्ति करते हैं। इसी साधना और श्रद्धा के बाद गोगा नवमी पर छड़ी-निशान का चल समारोह निकाला जाता है।

# करंट से भैंस की मौत

**शाजापुर।** जिले के ग्राम जावदी में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। जब एक पोल से लगी तान में अचानक करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति करंट की चपेट में नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना रविवार सुबह की बताई गई है। जब ग्राम जावदी निवासी राजपाल सिंह के पिता अपनी भैंस को घर से खेत की ओर ले जा रहे थे। तभी घर के बाहर बिजली के खंभे से लगी तान में करंट फैल गया और भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि बिजली विभाग को फोन कर सूचना देने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया।

# मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण

**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के मार्गदर्शन तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले के सभी 10 विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

कार्यशालाओं में सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने मिट्टी से भगवान श्री गणेश की सुंदर एवं आकर्षक प्रतिमाओं का निर्माण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन का संकल्प लिया। घोड़ाडोंगरी विकासखंड में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि रूपचंद यादव सलैया एवं जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स एवं एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण कर पर्यावरण हितैषी गणेश उत्सव मनाने का संदेश दिया। आमला विकासखंड में शासकीय डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय परिसर में विकासखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। विकासखंड समन्वयक अरविंद माथनकर की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया।

# भजनों से जीवंत हुई कृष्ण कथा

**बैतूल।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अटल सभागृह, जे.एच. कॉलेज में भक्ति, संगीत, नृत्य और अभिनय का ऐसा संगम देखने को मिला कि पूरा सभागृह कृष्णमय हो उठा। नटराज डांस एवं संगीत विद्यालय और स्वदेशी जागरण मंच, बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नंद उत्सव 2.0 में भव्य पौराणिक नृत्य-नाटिका एवं लाइव शो प्रस्तुत किया गया। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर राधा-कृष्ण की भक्ति, कंस वध और महाभारत के प्रसंगों को कलाकारों ने नृत्य, अभिनय, संगीत और भजनों के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम में श्रेणिक जैन ने द्वारिकाधीश, यशवीर खादिकर ने श्रीकृष्ण, ओजस्व निरापूरे, विश्व खातरकर एवं रेवांश सोलंकी ने बाल कृष्ण तथा खुशांक वाइकर ने बाल सुदामा की भूमिका निभाई। रामविजय यादव ने वासुदेव, कर्ण एवं इंद्र देव, मधुबाला देशमुख ने देवकी, सूर्यदीप त्रिवेदी ने कंस एवं शकुनी, केदार बारोलिया ने अर्जुन एवं बलराम, मोहित पवार ने सुदामा एवं भीम, राजकुमार साहू ने दुर्योधन, भील एवं कालिया नाग, बालकराम यादव ने दुशासन एवं पहलवान, करण तायवाड़े ने विष्णु एवं युधिष्ठिर, अनिकेत चडोकर ने नकुल एवं सैनिक, देवीप्रसाद मालवी ने सहदेव एवं नारद जी, राकेश गावंडे ने भीष्म पितामह, पहलवान एवं अक्रूर जी तथा चरण लाल खातरकर ने नंद बाबा एवं धृतराष्ट्र की भूमिका प्रभावी ढंग से निभाई।

# प्रतिभाओं को सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी





**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर मंडीदीप में सामाजिक संस्था सेवा समिति द्वारा लगातार 35वें वर्ष आयोजित विशाल शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह गरिमामय एवं भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में ब्लॉक क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों, मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र के सभी स्कूल संचालकों सहित 2240 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 460 मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण करते हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद भी किया। सेवा समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह पाल ने कहा कि समिति पिछले 35 वर्षों से शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से समाज की उन विभूतियों को सम्मानित कर रही है।

समारोह में रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की कुल सचिव संगीता जौहरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन भार्गव, उषा भार्गव, उमेश पाल, पूर्णिमा जैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दक्ष प्रजापति जयंती पर शोभा यात्रा

**शिवपुरी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजा दक्ष प्रजापति जयंती के अवसर पर प्रजापति समाज द्वारा शिवपुरी में आज 7 सितंबर सोमवार को महाराज दक्ष की भव्य शोभायात्रा का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया गया है। जिसमें शोभा यात्रा के समापन पर गांधी पार्क मानस भवन में प्रजापति समाज की मेधावी छात्र छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2026 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया हैं उन सभी प्रतिभाओं को मंच से अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान और इस भव्य शोभायात्रा को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह है। आयोजन में प्रजापति समाज की प्रतिभा एवं स्वतंत्र राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति सहित समाज के उप्र के हमीरपुर से विधायक मनोज प्रजापति, मप्र के रीवा से विधायक नरेंद्र प्रजापति, पूर्व विधायक चंदला राजेश प्रजापति, काशी बाबा ट्रस्ट अध्यक्ष ग्वालियर प्रहलाद प्रजापति एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।**